भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 437

(दिनांक 25.07.2024 को उत्तर के लिए)

रोजगार मेलों के अंतर्गत नियुक्तियां

437. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रोजगार मेले के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा कुल कितने नियुक्ति पत्र दिए गए, तत्संबंधी रोजगार मेला-वार, मंत्रालय-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) रोजगार मेले के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए कुल नियुक्ति पत्रों का समूह-वार और ग्रेड-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) रोजगार मेलों के अंतर्गत भरे गए पदों और उन पदों में रिक्तियों की संख्या का विस्तृत ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) से (ग) माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 22.10.2022 को राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मेला आरंभ किया गया था तथा नव नियुक्तों को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयूएस)/स्वास्थ्य व शिक्षा संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ-साथ स्वायत्तशासी निकायों इत्यादि में शामिल किया जाता है।

नियुक्तियों के ब्यौरों का रख-रखाव, संबंधित मंत्रालयों/विभागों/संगठनों/राज्यों इत्यादि द्वारा किया जाता है।

*****